**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3560

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

**बिहार में केन्द्रीय विद्यालय**

**3560. श्री दिलेश्वर कामैतः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के शैक्षणिक रूप से पिछडे जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास हेतु केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या बिहार के सुपौल जिले में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है जिसके कारण छात्रों को सरकार की इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) शैक्षणिक रूप से पिछडे इस जिले के छात्रों को बेहतर गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सरकार का बिहार के सुपौल जिले में कब तक केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) : वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है, यदि वह मंत्रालय अथवा भारत सरकार के विभागों/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासकों द्वारा प्रायोजित हो, जिसमें नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता और सरकार के आवश्यक अनुमोदन की उपलब्धता दी गई हो। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा भी करनी होती है।

(ख) और (ग) : देश में मार्च, 2019 में 45वीं बटालियन, एसएसबी, बीरपुर, जिला - सुपौल, बिहार में एक केंद्रीय विद्यालय सहित 50 नए केंद्रीय विद्यालय संस्वीकृत किए गए थे।

*****